पूर्वोत्तर रेलवे के जीएम ने किया बरेली-कासगंज परियोजना के कार्यों का निरीक्षण

कासगंज के लिए दिसंबर से बंद हो जाएंगी ट्रेनें

सिटी रिपोर्टर

बरेली। कासगंज और बरेली के बीच दिसंबर में ट्रेनों का संचालन बंद हो जाएगा। सिटी स्टेशन पर रेल लाइनों की कनेक्टीविटी जोड़ने को योजना बना ली गई। शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे के जीएम केके अटल ने बरेली से कासगंज तक परियोजना के कार्यों का निरीक्षण किया।

शुक्रवार सुबह महाप्रबंधक केके अटल स्पेशल ट्रेन से जंक्शन पहुंचे। सुबह साढ़े नौ बजे सिटी स्टेशन पर आमान परिवर्तन के लिहाज से ट्रैक का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद अफसरों को कनेक्टीविटी जोड़ने के संबंध में विचार विमर्श किया। करीब दस बजे विंडो निरीक्षण को जीएम स्पेशल ट्रेन में कासगंज को रवाना हो गए।

जीएम अटल ने बताया कि 2013-14 में आठ रेल परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें बरेली-कासगंज के बीच आमान परिवर्तन के लिए 135 करोड़ का बजट जारी किया गया है। गेज परिवर्तन के लिए जो भी कार्य बरेली-कासगंज के बीच में हुआ शुक्रवार को उसी का निरीक्षण किया गया है। परियोजना को लेकर अब तकनीकी काम तेजी से शुरू कर दिया जाएगा। दिसंबर में मेगा ब्लाक लेने के बाद गेज परिवर्तन का काम शुरू किया जाएगा। कछला पुल को जीएम ने गंभीरता से देखा। निरीक्षण के दौरान इज्जतनगर मंडल के डीआरएम उमेश सिंह, मंडल वरिष्ठ इंजीनियर विद्युत एमके सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय आरके झा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम अजय वार्ष्णेय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर यांत्रिक एसके अग्रवाल आदि मौजूद। निरीक्षण के बाद शाम को जीएम बरेली लौट आए। शनिवार को इज्जतनगर मंडल कारखाने का निरीक्षण करेंगे।